## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 13.07.2021 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्तः

प्रमुख सचिव, उ०प्र० शासन नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शास०सं095 / छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल / 2010 टी०सी०–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211 / 38–5–2010–20 स्वजल / 2010 (टी०सी०–3), दिनांक 29 नवम्बर, 2010 को संशोधित करते हुए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 13.07.2021 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, पीलीभीत।
2. जिला विकास अधिकारी, पीलीभीत।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत।
4. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, पीलीभीत।
5. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत।
7. अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ / सिंचाई, पीलीभीत।
8. जिला कृषि अधिकारी, पीलीभीत।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, पीलीभीत।
10. जिला पंचायत राज अधिकारी, पीलीभीत।
11. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, पीलीभीत।
12. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ०प्र०जल निगम, पीलीभीत।

1. अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद–पीलीभीत के ग्रामीण क्षेत्रों में **"जल जीवन मिशन"** कार्यक्रम के अन्तर्गत नयी पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित फर्म मै0 पी०एन०सी० इन्फ्राटेक प्रा०लि०– एस०पी०एम०एल० ज्वांइट वैनचर, आगरा को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, पीलीभीत द्वारा 452 ग्राम पंचायतों के 881 राजस्व गामों की सूची आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध करायी थी। तत्कम में फर्म द्वारा 09 ग्राम पंचायतों के 13 राजस्व ग्रामों की पाइप पेयजल योजनाओं की डी०पी०आर० प्रस्तुत की गयी है, जिसका अनुमोदन दिनांक 13.07.2021 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, पीलीभीत की बैठक में किया जाना है। बैठक में अनुमोदन की जाने वाली डी०पी०आर० का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क0सं0 | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायतों का नाम | सम्मिलित राजस्व ग्रामों की सं0 | डी0पी0आर0 की अनुमानित लागत (रू0लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Lalorikheda | Bindhuwa | 2 | 228.65 |
| 2 | Bisalpur | Hafiznagar Banhai | 1 | 248.58 |
| 3 | Bisalpur | Khanpur Urf Birampur | 1 | 225.43 |
| 4 | Bisalpur | Arjunpur Must | 1 | 228.42 |
| 5 | Barkhera | Aamdar | 2 | 314.53 |
| 6 | Barkhera | Daulatpur Patti | 2 | 297.02 |
| 7 | Barkhera | Mahad Khas | 1 | 273.95 |
| 8 | Barkhera | Barramau | 1 | 246.48 |
| 9 | Barkhera | Maseet | 2 | 231.09 |

शासनादेश सं0 16/2021/948/छिहत्तर–1–201–22सम/2019 दिनांक 19.03.2021 एवं शासनादेश सं0 1197/छिहत्तर–1–201–22सम/2019 दिनांक 21.05.2021 में निर्गत निर्देशानुसार 02 करोड़ से कम लागत की योजनाओं की स्वीकृति जिला पेयजल स्वच्छता मिशन (DWSM) द्वारा की जानी है एवं 02 करोड़ से अधिक लागत की योजनाओं की संस्तुति जिला पेयजल स्वच्छता मिशन (DWSM) द्वारा कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की जानी है। उक्त आदेश के अनुपालन में 02 करोड़ से अधिक लागत की 09 नग पेयजल योजनाओं की हार्ड कॉपी अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की जानी है।

उक्त 09 नग योजनाओं को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ (SWSM) को प्रेषित करने हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

(कार्यवाही –अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0जल निगम, पीलीभीत)

2. मै0 पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक प्रा0लि0–एस0पी0एम0 एल0 ज्वांइट वैन्चर, आगरा के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि अन्य ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य पूर्ण करते हुए न्यूनतम उन ग्राम पंचायतों की 30 नग डी0पी0आर0 प्रति सप्ताह तैयार कर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। एवं जनपद की डी0पी0आर0 सम्बन्धी प्रगति कम होने पर उत्पन्न किसी भी विपरीत परिस्थिति की पूर्णतया जिम्मेदारी फर्म की होगी। अतः अपने संसाधनों को बढ़ाते हुए अधिकाधिक डी0पी0आर0 प्रत्येक बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही – मै0पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक प्रा0लि0–एस0पी0एम0एल0 ज्वांइट वैन्चर, आगरा)

3. अधिशासी अभियन्ता जल निगम पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि 100 दिन कार्यक्रम के अन्तर्गत UPPCL द्वारा कराये गये कार्यो को अधोहस्ताक्षरी के निर्देशानुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत को जॉच हेतु सूची पत्र के माध्यम से प्रेषित की गयी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत द्वारा जॉच आख्या प्रेषित की गयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी

अभियन्ता जल निगम पीलीभीत को निर्देश दिये गये कि उक्त आख्या पर कार्यवाही कराना एवं UPPCL के परियोजना प्रबन्धक के माध्यम से पोर्टल पर पूर्ण 56 साइटों की प्रगति अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता जल निगम पीलीभीत एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पीलीभीत)

(पुलकित खरे)
जिलाधिकारी,
पीलीभीत।

## कार्यालय जिलाधिकारी, पीलीभीत।

पत्रॉक 1333/ बैठक कार्यवाही/2020–21/ए0-93/122 दिनांक 20.07.2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, पीलीभीत।
4. जिला विकास अधिकारी, पीलीभीत।
5. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0जल निगम, पीलीभीत।
6. मै0 पी0एन0सी0 इन्फाटेक प्रा0लि0–एस0पी0एम0एल0 ज्वांइट वैन्चर, आगरा।

जिलाधिकारी,
पीलीभीत।
20/7/21.